## SHREE CHANDULAL NANAVATI VINAYMANDIR

### SECOND PRELIMINARY EXAMINATION

### 2018-2019

### HINDI

**Date:** 09 | 01 | 2019

**STD:** 10    *Reading Time* 15 Minutes.

**Marks:** 80    *Writing Time* 3 Hours.

---

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

---

*Section A is compulsory. Attempt any four questions from Section B.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

### SECTION A (40 Marks)

*Attempt all questions from this section*

**Question 1**

**Write a composition in Hindi (approximately 250 words) on any one of the following topics:**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग २५० शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए : **[15]**

(i) किसी भी देश की उन्ननति वहाँ के निवासियों के शिक्षित होने पर निर्भर होती है। भारत में साक्षरता की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए साक्षरता को बढ़ाने के लिए किये जा रहे सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की चर्चा कीजिये।

(ii) कुछ समस्याएँ ऐसी होती हैं, जो पूरे समाज को प्रभावित करती हैं और उसे अपूर्णीय क्षति पहुँचाती हैं। 'प्रदूषण समस्या' इनमें से एक है।इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करें।

(iii) गंगा भारत की एक पवित्र एवं मुख्य नदी है।अपने को गंगा मान कर गंगा की आत्मकथा लिखिए।

(iv) 'बुद्धि भगवान की देन है और विद्या गुरु की' इस उक्ति पर कोई कहानी लिखिए |

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिये तथा चित्र को आधार बना कर उसका परिचय देते हुए कहानी अथवा लेख लिखिए जिसका सीधा सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए |



Scanned by CamScanner

**Question 2**

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the following topics:** **[7]**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग १२० शब्दों में पत्र लिखिए :**

(i) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण-पत्र देने का अनुरोध करते हुए एक प्रार्थना-पत्र लिखिए तथा यह भी बताइए कि आपको इसकी आवश्यकता क्यों है ?

(ii) आप किसी वृद्धाश्रम के वृद्धों से उनके अनुभव सुनकर आये हैं। अपने मित्र को इस बारे में पत्र लिखिए ।

**Question 3**

**Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।**

**उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :**

पुराने समय की बात है।नवलगढ़ राज्य में एक राजा राज करता था । उसका नाम वीर सिंह था। वह सचमुच ही बड़ा बहादुर था। आस-पास के सब राज्य उसने जीत लिए थे।अपने में भी कोई उससे शत्रुता लेने की कोशिश न करता था।इस प्रकार उसका कोई भी शत्रु न था ,किन्तु राजा वीर सिंह क्रोधी भी था। वह दरबारियों की झूठी -सच्ची सभी प्रकार की बातें मान लेता और उसी अनुसार सजा भी सुना देता।प्रजा उससे खुश नहीं थी।फिर भी लोग किसी प्रकार अपने जीवन की गाड़ी हॉक रहे थे।अपने राजा के खिलाफ कुछ कहना या करना मौत को निमंत्रण देना था।

उसी राज्य में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। वेद तथा शास्त्रों का उसने खूब अध्ययन किया था। वह कवि भी था और जन-साधारण की कविताएँ भी लिखा करता था। उसका नाम पंडित जगमोहन था।

दुर्भाग्य से एक साल उस राज्य में अकाल पड़ा। प्रजा में हाहाकार मच गया। खुशामदी मंत्रियों के कारण राजा को अकाल की सही जानकारी न मिल सकी। प्रजा से जबरदस्ती लगान लिया जाने लगा। राज्य के कुछ सयाने लोग राजा से मिले, किन्तु उन्हें नाराजगी के सिवा और कुछ न मिला। वे निराश लौट आए।

कवि जगमोहन से रहा न गया। उसने एक कविता ~~लिखी।उसने लिखा था कि अकाल के बुरे दिनों में राजा को क्रोध त्याग कर सबसे प्रेमपूर्ण~~ व्यवहार करना चाहिए। राजा तो प्रजा के पिता के समान होता है,परन्तु राजा ने उसे तुरंत विद्रोही करार दिया और राज्य से बाहर निकाल दिया।

कवि जगमोहन ने शीघ्र ही आज्ञा का पालन किया।वह पड़ोस के एक जंगली राज्य की ओर चल पड़ा। रास्ते में वह यही सोचता रहा था कि राजा यदि आज दुःख के दिनों में प्रजा के साथ प्रेम का व्यवहार करता तो लोग अकाल का दुःख हँसते - हँसते सह जाते। अचानक रास्ते में उसने एक शेर देखा। पहले तो वह डरा,परन्तु उसने देखा कि शेर के चेहरे पर हिंसा की कोई भावना नहीं है और वह हलके दर्द से कराह रहा है तो वह उसके निकट गया,शेर के पंजे से लहू निकल रहा था। उसे समझते देर नहीं लगी कि शेर घोर कष्ट में है।दया के कारण वह क्षणभर के लिए यह भी भूल गया कि शेर हिंसक प्राणी है और पलक झपकते ही उसकी जान ले सकता है। उसने आगे बढ़ कर शेर के पंजे में चुभा काँटा निकाला

9



Scanned by CamScanner

और आगे बढ़ गया। शेर उसे कृतज्ञता की नज़र से देखता रह गया। नवलगढ़ की सीमा से दूर रह कर भी कवि जगमोहन ने अपने राजा को शिक्षा देने के लिए अनेक कविताएँ लिखीं।

ईर्ष्या रखने वाले दरबारियों ने राजा से फिर शिकायत की कि जगमोहन राज्य से दूर रहकर भी उसे बदलने की कोशिश कर रहा है। बस, फिर क्या था, कवि जगमोहन को पकड़ लिया गया। राजा उसे देखते ही क्रोध से भर उठा, किन्तु कवि जगमोहन ने उसे फिर समझाया कि प्रेम ही दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति है और राजा को इस शक्ति का त्याग कभी नहीं करना चाहिए ,परन्तु राजा ने उसकी एक न सुनी और कहा -"प्रेम की बड़ी शिक्षा देने आये हैं,हम अभी तुम्हारी अक्ल ठिकाने लगाए देते हैं।"

राजा की आज्ञा से कवि जगमोहन को शीघ्र ही भरे दरबार में अभी हाल में पकड़े गए एक शेर के पिंजरे में डाल दिया गया। लोग जानते थे कि शेर उस दुर्बल ब्राहमण को क्षणभर में ही समाप्त कर जाएगा, परन्तु ईश्वर को कुछ और ही मंज़ूर था। सभी ने आश्चर्य के साथ देखा कि शेर उस ब्राहमण के पैर चाट रहा है। जगमोहन को भी यह समझते समय न लगा कि शेर उसका पूर्व परिचित है। वह तो अब इस लिए प्रसन्न था कि उसने दुनिया के सामने प्रेम का एक अनोखा उदाहरण पेश किया था। सारी सभा दंग थी। राजा वीरसिंह का अभिमान जैसे पानी-पानी हो गया था।उसकी आँखें शर्म से झुकी हुई थीं।अब यह बात सूरज की तरह साफ़ हो गई थी कि वास्तव में प्रेम ही दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति है।

(i) वीरसिंह किस राज्य का राजा था? उसका स्वभाव कैसा था? [2]

(ii) पण्डित जगमोहन कौन था? [2]

(iii) राजा ने जगमोहन को राज्य से बाहर क्यों निकाला? [2]

(iv) शेर ने ब्राहमण जगमोहन को क्यों नहीं मारा? [2]

(v) इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? [2]

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given:**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-**

(i) निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण बनाइये : [1]

क ) गाँव ख ) सोना

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : [1]

क ) स्वर्ग ख ) विश्वास

(iii) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : [1]

क ) रक्षक ख ) विमुख

(iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए : [1]

क ) जान के लाले पड़ना ख ) कफ़न बाँध कर चलना

(v) भाववाचक संज्ञा बनाइये : [1]

क ) धोना ख ) सुधारना

(vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिये : [3]

क ) प्रशंसा के योग्य जीवन तो उन लोगों का है जो दूसरों के लिए जीते हैं। (वाक्य को भविष्यत् काल में बदलिए )

ख ) वह सारी रात भर जागता रहा । (वाक्य शुद्ध कीजिये )

ग ) ईशा पढ़ती नहीं है। (भाववाच्य में बदलिए )



Scanned by CamScanner

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, Rangoli, Vasant Utsav,
Thakur Village, Kandivali (E),
Mumbai - 400 101.
Mob. 9821263050.

CLASS X HINDI

## SECTION B (40 Marks)

*Attempt any four questions from this section*

साहित्य सागर

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"महायज्ञ !" सेठ ने आश्चर्य से कहा। "हाँ, वही जो आज आपने किया," धन्ना सेठ की पत्नी ने कहा।

*[महायज्ञ का पुरस्कार - यशपाल]*

क ) "वही जो आज आपने किया "-किसने कहा, किससे कहा और क्यों कहा ? [2]

ख ) महायज्ञ की बात सुनकर सेठ ने आश्चर्य प्रकट करते हुए क्या कहा? [2]

ग ) महायज्ञ की बात पर सेठ को क्या महसूस हुआ? स्पष्ट कीजिए। [3]

घ ) धन्ना सेठ की पत्नी ने सेठ को क्या समझाया? [3]

**Question 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"स्त्री गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है; पर उससे मैके की निंदा नहीं सही जाती।" आनंदी मुँह फेर कर बोली,"हाथी मरा भी तो नौ लाख का।"

*[बड़े घर की बेटी -प्रेमचंद]*

क ) स्त्रियों के विषय में किस बात को विशेष रूप से कहा गया है? [2]

ख ) हाथी मरा भी तो नौ लाख का '-इस कथन में 'हाथी ' का प्रतीकात्मक प्रयोग किसके लिए किया गया है और क्यों ? [2]

ग ) किसने, किस पर खड़ाऊँ फेंकी थी और क्यों ? [3]

घ ) 'आनंदी खून का घूँट पीकर रह गई '-आशय स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 7**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"पाँच भी बज गए, रेल चल पड़ी पर अरूणा न आई , सो न आई।"

*[दो कलाकार – मन्नू भंडारी]*

क ) चित्रा कहाँ और क्यों जा रही थी ? क्या उसका जाना सफल हुआ ? [2]

ख ) चित्रा की आँखे अरूणा को क्यों ढूँढ रही थी ? [2]

ग ) चित्रा के किस चित्र की प्रशंसा हो रही थी ? चित्र को प्रेरणा देनेवाली घटना का वर्णन कीजिए। [3]

च ) चित्रा और अरूणा इन दोनों के व्यक्तित्व में से किसका व्यक्तित्व आपको अच्छा लगा ? क्यो ? [3]

Scanned by CamScanner

Thakur Village, Mumbai - 400 10..., Mob. 9821263050

## एकांकी संचय

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"लीजिए महाराज! यही है द्वैतवन का सरोवर। वे अहेरी कह रहे थे कि उन्होंने दुर्योधन को इस जल में छुपते हुए देखा।"

*[महाभारत की एक साँझ– भारत भूषण अग्रवाल]*

क) उपर्युक्त कथन कौन किसे कह रहा है? द्वैतवन कहाँ है? [2]

ख) पांडव द्वैतवन में क्यों गए थे? [2]

ग) दुर्योधन कौन है? वह जल स्तंभ में छिपा था? वह अपने उद्देश्य में क्यों सफल नहीं हो पाया? [3]

घ) महाभारत का युद्ध किनके बीच हुआ? क्यों? [3]

**Question 9**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"कुँवर अच्छे है। तुलजा भवानी कुशल करें; पर धाय माँ! महाराणा विक्रमादित्य जी की हत्या हो गई।"

*[दीपदान – डॉ. राजकुमार वर्मा]*

क) वक्ता कौन है? उसकी मनःस्थिति बताइए। [2]

ख) हत्या किसने की थी? कैसे की थी? [2]

ग) वक्ता की बातों का श्रोता पर क्या प्रभाव पड़ा? कुँवरजी की रक्षा खुद करने के लिए उसने कौन–कौन से तरीके अपनाने का निश्चय किया? [3]

घ) कीरत बारी ने कुँवरजी की रक्षा करने के लिए वक्ता की कैसे मदद की? [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए।**

"प्राण जाएँ पर वचन न जाएँ यह हमारे जीवन का मूलमंत्र है। जो तीर– तरकश से निकलकर कमान पर चढ़कर छूट गया, उसे बीच में नहीं लौटाया जा सकता।"

*[मातृभूमि का मान – हरिकृष्ण प्रेमी]*

क) 'प्राण जाएँ पर वचन न जाएँ'? इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। वक्ता ने यह पंक्तियाँ क्यों कही है? [2]

ख) वक्ता ने कौनसी प्रतिज्ञा की थी? क्यों? [2]

ग) क्या वक्ता ने अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण की? कैसे? [3]

घ) वक्ता का परिचय दीजिए? [3]

**********************************************************



Scanned by CamScanner